भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 4694

20 मार्च, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

झारखंड में आयुष का संवर्धन

4694. श्री विजय कुमार हाँसदाक:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में आयुष से संबंधित आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी और अन्य उपचार प्रणालियों का संवर्धन करने के लिए किए गए प्रयासों का राज्यवार/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है और झारखंड में जनसंख्या के एक बड़े हिस्से का पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों पर निर्भर होने संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) पिछले दस वर्षों में योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी आदि से संबंधित स्थापित की गई संस्थाओं और प्रशिक्षण केंद्रों की संख्या कितनी है तथा सरकार द्वारा राज्यवार/संघ राज्यक्षेत्र-वार विशेषकर झारखंड में स्थापित की जाने वाली संस्थाओं और प्रशिक्षण केंद्रों की संख्या कितनी है?

उत्तर

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क): आयुष मंत्रालय, देश में आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी और आयुष से संबंधित अन्य उपचार पद्धतियों के विकास और संवर्धन के लिए राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केंद्रीय प्रायोजित योजना को राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों के माध्यम से कार्यान्वित कर रहा है और उन्हें राष्ट्रीय आयुष मिशन के दिशानिर्देशों के प्रावधानों के अनुसार राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं (एसएएपी) के माध्यम से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है। मिशन में अन्य बातों के अलावा निम्नलिखित गतिविधियों का प्रावधान है:-

(i) आयुष स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्रों का नाम बदलकर आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) कर दिया गया है।

(ii) प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी), सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) और जिला अस्पतालों (डीएच) में आयुष सुविधाओं की सह-संस्थापना।

(iii) मौजूदा एकल सरकारी आयुष अस्पतालों का उन्नयन।

(iv) मौजूदा सरकारी/पंचायती/सरकारी सहायता प्राप्त आयुष औषधालयों का उन्नयन/मौजूदा आयुष औषधालय (किराए पर/जीर्ण-शीर्ण आवास) के लिए भवन निर्माण/उन क्षेत्रों में नए आयुष औषधालय की स्थापना के लिए भवन का निर्माण जहां आयुष सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं।

(v) 10/30/50 बिस्तरों वाले एकीकृत आयुष अस्पतालों की स्थापना।

(vi) सरकारी आयुष अस्पतालों, सरकारी औषधालयों और सरकारी/सरकारी सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थागत आयुष अस्पतालों को आवश्यक दवाओं की आपूर्ति।

(vii) आयुष जन स्वास्थ्य कार्यक्रम।
(viii) उन राज्यों में नए आयुष महाविद्यालयों की स्थापना, जहां सरकारी क्षेत्र में आयुष शिक्षण संस्थानों की उपलब्धता अपर्याप्त है।
(ix) आयुष स्नातक-पूर्व संस्थानों और आयुष स्नातकोत्तर संस्थानों का अवसंरचनात्मक विकास/पीजी/ फार्मेसी/ पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों को शामिल करना।

वर्ष 2014-15 से 2024-25 तक झारखंड सहित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को दी गई वित्तीय सहायता का ब्यौरा **संलग्नक-I** पर दिया गया है।

इसके अतिरिक्त, आयुष मंत्रालय झारखंड सहित पूरे देश में समान रूप से आयुष चिकित्सा पद्धतियों के बारे में सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) के संवर्धन हेतु केंद्रीय क्षेत्र की योजना कार्यान्वित करता है। मंत्रालय इस योजना के तहत, आयुष स्वास्थ्य देखभाल पद्धतियों के बारे में जन जागरूकता पैदा करने के लिए विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित करता है, जिनमें आरोग्य मेले, योग फेस्ट/उत्सव, आयुर्वेद पर्व आयोजित करना, महत्वपूर्ण आयुष दिवस मनाना, स्वास्थ्य मेलों, मेलों तथा प्रदर्शनियों में भागीदारी, मल्टीमीडिया अभियानों के साथ-साथ सेमिनारों, कार्यशालाओं और सम्मेलनों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना शामिल हैं। विगत तीन वर्षों के दौरान आयोजित कार्यक्रमों का विवरण **संलग्नक-II** पर दिया गया है।

(ख): सार्वजिनक स्वास्थ्य राज्य का विषय होने के कारण, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी आदि से संबंधित संस्थानों और प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना की प्राथमिक जिम्मेदारी संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकार के कार्यक्षेत्र में आती है। झारखंड राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, झारखंड राज्य में ईस्ट जेल रोड, रांची में 1 राजकीय योग केंद्र और गिरिडीह, झारखंड में 1 राजकीय यूनानी चिकित्सा महाविद्यालय और अस्पताल स्थित हैं।

*****

संलग्नक-I

एनएएम के तहत, वर्ष 2014-15 से 2024-25 तक जारी अनुदान सहायता (जीआईए) की झारखंड सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार स्थिति

क्र.सं.	राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों का नाम	संस्वीकृत कुल धनराशि
1.	अंडमान और निकोबार द्वीप	3265.778
2.	आंध्र प्रदेश	16181.87
3.	अरुणाचल प्रदेश	7241.014
4.	असम	22692.486
5.	बिहार	13435.934
6.	चंडीगढ़	2206.698
7.	छत्तीसगढ	22949.595
8.	दादरा और नागर हवेली व दमन और दीव	1613.47
9.	दिल्ली	859.407
10.	गोवा	4892.627
11.	गुजरात	26575.298
12.	हरियाणा	25591.684
13.	हिमाचल प्रदेश	19877.724
14.	जम्मू-कश्मीर	29155.58
15.	झारखंड	27883.854
16.	कर्नाटक	43517.516
17.	केरल	58741.737
18.	लद्दाख	497.322
19.	लक्षद्वीप	1942.251
20.	मध्य प्रदेश	67337.562
21.	महाराष्ट्र	21766.82
22.	मणिपुर	10551.087
23.	मेघालय	8107.38
24.	मिजोरम	6594.29
25.	नागालैंड	10267.092
26.	ओडिशा	18024.785
27.	पुडुचेरी	4286.791
28.	पंजाब	11309.785
29.	राजस्थान	68528.335
30.	सिक्किम	4819.217
31.	तमिलनाडु	47645.14
32.	तेलंगाना	19971.608
33.	त्रिपुरा	6359.975
34.	उत्तर प्रदेश	171658.049
35.	उत्तराखंड	19332.319
36.	पश्चिम बंगाल	30196.291
37.	कुल	855878.371

संलग्नक-II

आईईसी योजना के अंतर्गत, पिछले तीन वर्षों के दौरान आयोजित कार्यक्रमों का विवरण

क्र.सं.	आयोजन	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र
1.	राष्ट्रीय स्तर का आरोग्य मेला	1. जयपुर (राजस्थान) 2. तिरुवनंतपुरम (केरल) 3. ठाणे (महाराष्ट्र) 4. नई दिल्ली (दिल्ली) 5. देहरादून (उत्तराखंड) 6. जयपुर (राजस्थान) 7. चेन्नई (तमिलनाडु) 8. बुलढाणा (महाराष्ट्र)
2.	राज्य स्तरीय आरोग्य मेला	1. मोन (नागालैंड) 2. रायपुर (छत्तीसगढ़) 3. नासिक (महाराष्ट्र) 4. मोन (नागालैंड) 5. शिलांग (मेघालय) 6. जबलपुर (मध्य प्रदेश)
3.	आयुर्वेद पर्व/योग महोत्सव	1. श्रीनगर (जम्मू-कश्मीर) - आयुर्वेद पर्व 2. तिरुपति (आंध्र प्रदेश) - आयुर्वेद पर्व 3. पंचकुला (हरियाणा) - आयुर्वेद पर्व 4. उदयपुर (राजस्थान) - योग उत्सव 5. हैदराबाद (तेलंगाना)-आयुर्वेद पर्व 6. अमृतसर (पंजाब)- आयुर्वेद पर्व 7. नई दिल्ली (दिल्ली)- योग उत्सव 8. पुरी (ओडिशा)-आयुर्वेद पर्व 9. भोपाल (मध्य प्रदेश) -आयुर्वेद पर्व 10. लेह (लद्दाख) - योग उत्सव 11. मुंबई (महाराष्ट्र) - आयुर्वेद पर्व
4.	मेलों/प्रदर्शनियों/आयोजनों में भागीदारी	1. गौ आधारित वैश्विक निवेश शिखर सम्मेलन एवं प्रदर्शनी (राजकोट, गुजरात) 2. 26वीं राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रदर्शनी (कोलकाता, पश्चिम बंगाल) 3. आईपीयू स्वास्थ्य मेला (नई दिल्ली, दिल्ली) **4. आदि महोत्सव (जमशेदपुर, झारखंड)** 5. वर्ल्ड फूड इंडिया (नई दिल्ली, दिल्ली) 6. भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला (नई दिल्ली, दिल्ली) 7. प्राकृतिक चिकित्सा दिवस 2023 के अवसर पर आरोग्य मेला (टनकपुर, उत्तराखंड) 8. ओडिशा आयुष प्रदर्शनी (भुवनेश्वर, ओडिशा) 9. प्रदर्शनी (कर्नाटक, बेंगलुरु) 10. राइज इन इंडिया - स्वास्थ्य एवं कल्याण प्रदर्शनी (गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश) 11. पूर्वोत्तर महोत्सव 2023 (नई दिल्ली, दिल्ली)

		12. भारत पर्व 2024 (लाल किला, दिल्ली) 13. सूरजकुंड मेला 2024 (फरीदाबाद, हरियाणा) 14. आदि महोत्सव (नई दिल्ली, दिल्ली) 15. आयुष स्वास्थ्य "आरोग्य मेला" 2024 (डुंडू, जयपुर, राजस्थान) 16. वर्ल्ड फूड इंडिया (नई दिल्ली, दिल्ली) 17. भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला (नई दिल्ली, दिल्ली) 18. सूरजकुंड मेला, 2025 (फरीदाबाद, हरियाणा) 19. राइज इन इंडिया, 2025 (गाजियाबाद, उ.प्र.) 20. हेल्थ टेक इंडिया 2025 (नई दिल्ली, दिल्ली) 21. प्रवासी भारतीय दिवस 2025 (भुवनेश्वर, ओडिशा) 22. भारत पर्व 2025 (दिल्ली) 23. विश्व आर्द्रभूमि दिवस (गोंडा, उत्तर प्रदेश) 24. वर्ल्ड फूड इंडिया (नई दिल्ली, दिल्ली) 25. भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला (नई दिल्ली, दिल्ली) 26. सूरजकुंड मेला
5.	आयुष पद्धति पर कार्यशाला/सम्मेलन/संगोष्ठियों आदि के आयोजन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना	वित्तीय सहायता प्रदान किए गए मामलों की संख्या 11 है।
6.	मीडिया गतिविधियाँ	1. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2023 के लिए मुद्रित विज्ञापन 2. राष्ट्रीय धनवंतरी आयुर्वेद पुरस्कार 2023 के लिए मुद्रित विज्ञापन 3. गुवाहाटी में आयोजित एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम के लिए मुद्रित विज्ञापन 4. आईआईटीएफ 2023 टिकटों के माध्यम से मुद्रित प्रचार 5. राष्ट्रीय धनवंतरी आयुर्वेद पुरस्कार 2024 के लिए मुद्रित विज्ञापन 6. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 के लिए मुद्रित विज्ञापन 7. आयुर्वेद दिवस 2024 के लिए मुद्रित विज्ञापन 8. "देश की प्रकृति परीक्षण पर पांच गिनीज विश्व रिकॉर्ड" विषय पर मुद्रित विज्ञापन 9. आयुष के बारे में भ्रामक विज्ञापनों के विरुद्ध मुद्रित विज्ञापन 10. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के लिए चौथाई पृष्ठ वाले मुद्रित विज्ञापन 11. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के लिए आधे पृष्ठ वाले मुद्रित विज्ञापन
7.	महत्वपूर्ण दिवस	1. विश्व होम्योपैथी दिवस 2023 2. आईडीवाई 2023 (जबलपुर, मध्य प्रदेश) 3. 7वां सिद्ध दिवस 4. यूनानी दिवस 2024 5. विश्व होम्योपैथी दिवस 2024 (नई दिल्ली, दिल्ली) 6. आईडीवाई 2024 (श्रीनगर, जम्मू और कश्मीर) 7. आयुर्वेद दिवस (नई दिल्ली, दिल्ली)

		8. यूनानी दिवस (नई दिल्ली, दिल्ली) 9. सिद्ध दिवस (चेन्नई, तमिलनाडु) 10. विश्व होम्योपैथी दिवस 2025 (गांधीनगर, गुजरात) 11. आईडीवाई 2025 (विशाखापत्तनम, आंध्र प्रदेश) 12. आयुर्वेद दिवस 2025 (गोवा) 13. सिद्ध दिवस